पत्रांकः 07/बैंकिंग (विविध)–15/2025.....1339...../वि0

बिहार सरकार

वित्त विभाग

(सांख्यिक वित्त निदेशालय)

....

प्रेषक,

मुकेश कुमार लाल,
विशेष सचिव।

सेवा में,

सभी अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव,
पुलिस महानिदेशक,
सभी विभागाध्यक्ष,
सभी प्रमंडलीय आयुक्त,
सभी जिला पदाधिकारी,
बिहार।

पटना, दिनांक : 29/08/2025

विषयः **बिहार सरकार के स्थायी एवं संविदा कर्मचारियों के वेतन पैकेज खातों के लिए समझौता ज्ञापन (MoUs) के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि दिनांक–07.07.2025 को माननीय उप मुख्य (वित्त) मंत्री की अध्यक्षता में बिहार सरकार एवं 09 राष्ट्रीयकृत बैंकों के बीच सरकारी कर्मचारी (स्थायी एवं संविदा) के वेतन खाता तथा माननीय मंत्रिगण, सदस्य, बिहार विधान सभा/विधान परिषद् के वेतन खातों के लिए वेतन पैकेज के संबंध में समझौता ज्ञापन (MoUs) किया गया है।

2. उल्लेखनीय है कि यह वेतन समझौता दिनांक–07.07.2025 से 01 वर्ष के लिए लागू है, जो कि उसके बाद भी नवीकृत किया जा सकेगा। इस संबंध में यह बताना आवश्यक है कि कोई भी बैंक इस बीच ज्ञापन समझौते की शर्तों में किसी प्रकार का फेरबदल नहीं कर सकते हैं।

3. उक्त के आलोक में 09 राष्ट्रीयकृत बैंकों यथा– भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, बैंक ऑफ इंडिया, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, केनरा बैंक, इंडियन बैंक एवं यूको बैंक के साथ ही बिहार सरकार/सार्वजनिक उपक्रम एवं स्वशासी निकाय के कर्मचारियों (स्थायी एवं संविदा) तथा माननीय मंत्रिगण, सदस्य, बिहार विधान सभा/विधान परिषद् के वेतन खातों का संचालन किया जाना है। उक्त वेतन पैकेज खातों के लिए ही यथानिर्धारित सुविधायें सेवा प्रदाता बैंकों के द्वारा दिए जायेंगे। यदि पूर्व में किसी विभाग के द्वारा इस संबंध में संबंधित बैंकों के साथ समझौता ज्ञापन (MoUs) किया गया है तो उक्त समझौता ज्ञापन इस हद तक संशोधित समझे जायेंगे।

4. अनुरोध है कि वेतन पैकेज के संबंध में सभी संबंधित कर्मचारियों को परिचारित करने की कृपा की जाय, ताकि वे अपने इच्छा एवं सुविधानुसार उपर लिखित किसी भी बैंक में अपना खाता खुलवा/परिचालित कर सके।

विश्वासभाजन,

(मुकेश कुमार लाल)
विशेष सचिव

यूको बैंक/UCO BANK
आंचलिक कार्यालय, पटना
ZONAL OFFICE, PATNA
Resource
2025
630

E24:\Users\RM\Documents\Letter-796/.docx

Scanned with OKEN Scanner

ज्ञापांकः 07 / बैंकिंग(विविध)–15 / 2025...1339.../ वि0 पटना, दिनांकः...29/08/2025...

प्रतिलिपिः–**मुख्य महाप्रबंधक,** भारतीय स्टेट बैंक, स्थानीय प्रधान कार्यालय, पश्चिमी गाँधी मैदान, पटना / **आंचलिक प्रबंधक,** बैंक ऑफ बड़ौदा, आनंद विहार, पश्चिम बोरिंग कैनाल रोड, पटना / **महाप्रबंधक,** पंजाब नेशनल बैंक, चाणक्य टावर, आर ब्लॉक, पटना / **आंचलिक प्रबंधक,** सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, मौर्यालोक कम्प्लेक्स, न्यू डाकबंगला रोड, पटना / **आंचलिक प्रबंधक,** बैंक ऑफ इंडिया, चाणक्य प्लेस, आर ब्लॉक, पटना / **क्षेत्रीय प्रबंधक,** इंडियन बैंक, बुद्ध मार्ग, पटना / **महाप्रबंधक,** केनरा बैंक, लव–कुश टावर, एक्जीविशन रोड, पटना / **आंचलिक प्रबंधक,** यूको बैंक, मौर्यालोक कम्प्लेक्स, न्यू डाकबंगला रोड, पटना / **आंचलिक प्रबंधक,** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, फ्रेजर रोड, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

29/8/2025

(मो0 इजतबा हुसैन)
निदेशक–सह–संयुक्त सचिव

E24:\Users\RM\Documents\Letter-814/.docx

Scanned with OKEN Scanner